दिन– शुक्रवार                                                                  दिनांक– 27 / 09 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।                                                  अवधि– 15 मिनट

---

01. मौसम विभाग ने आज सीतामढ़ी, पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, गोपालगंज और मधुबनी समेत चौदह जिलों में भारी से बहुत बारिश की चेतावनी जारी की।

02. गंगा और उसकी सहायक नदियों के जलस्तर में कमी आने के बाद राज्य के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति में धीरे–धीरे हो रहा है सुधार। पटना में कई राहत शिविर बंद किये गये।

03. केन्द्र सरकार ने बिहार में वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस के दौरान धान खरीद का लक्ष्य पुनर्निर्धारित कर पैंतालीस लाख मीट्रिक टन करने की मंजूरी दी।

04. और, बिहार के युवकों के साथ सिलीगुड़ी में मारपीट करने के मामले में बंगाल पुलिस ने एक व्यक्ति को हिरासत में लिया।

---

मॉनसून की सक्रियता के चलते प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में रूक–रूक कर बारिश का सिलसिला जारी है। राज्य के उत्तर–पूर्वी हिस्सों किशनगंज, पूर्णिया, सुपौल और अररिया में कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश हुयी है। मौसम विभाग ने आज सीतामढ़ी, शिवहर, पूर्वी चंपारण और पश्चिमी चंपारण जिले में कुछ स्थानों पर बहुत भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, गोपालगंज, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, सीवान, सारण, बक्सर, भोजपुर, जमुई और बांका जिले में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। राज्य के शेष हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। इस दौरान तेज हवा चलने और वज्रपात की भी चेतावनी जारी की गयी है।

---

गंगा और उसकी सहायक नदियों के जलस्तर में कमी आने के बाद राज्य के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति में धीरे–धीरे सुधार हो रहा है। केन्द्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गंगा नदी का जलस्तर पटना के दीघा घाट और गांधी घाट में खतरे के निशान से नीचे आ गया है। नदी अभी भी हाथीदह में लाल निशान से ऊपर बनी हुयी है। हालांकि नदी के जलस्तर में लगातार गिरावट की प्रवृत्ति देखी जा

रही है। पटना से हमारे संवाददाता ने बताया कि बाढ़ का पानी कम होने के बाद जन–जीवन पटरी पर लौटने लगा है।

–––रिपोर्ट–––

गंगा नदी के जलस्तर में कमी आने के बाद बाढ़ के कारण पलायन किये लोग अपने–अपने घरों की ओर लौटने लगे हैं। पटना जिला प्रशासन ने नौ राहत शिविरों को बंद कर दिया है। मोकामा और दानापुर में अभी पांच राहत शिविर चल रहे हैं। इन शिविरों के आज शाम तक बंद होने की संभावना है। इधर, दियारा क्षेत्र के बंद किये गए छिहत्तर विद्यालयों में सोमवार से पठन–पाठन की व्यवस्था फिर से शुरू हो जाएगी। आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से आशीष रंजन।

इधर, भागलपुर जिले में भी गंगा नदी के जलस्तर में गिरावट देखी जा रही है। हालांकि नदी का जलस्तर अभी भी खतरे के निशान से ऊपर बना हुआ है। जलस्तर में कमी आने के बाद कटाव का खतरा बढ़ गया है। सबौर प्रखंड के मसाढू गांव में गंगा नदी के कटाव से कई घर नदी में समा गए हैं। वहीं, मुंगेर जिले में बाढ़ के पानी में कमी आने के बाद हालात धीरे–धीरे सामान्य हो रहे हैं। पानी के कटाव के चलते जिले के धरहरा और मानगढ़ सिधिंया मुख्य पथ छह सौ मीटर में क्षतिग्रस्त हो गया है। इस कारण सड़क पर आवागमन प्रभावित हुआ है। खगड़िया, बेगूसराय और समस्तीपुर में भी बाढ़ की स्थिति में सुधार हो रहा है। इधर, कटिहार से हमारे संवाददाता ने बताया कि लगातार हो रही बारिश के चलते महानंदा नदी का जलस्तर बढ़ गया है, जिससे नए इलाके बाढ़ की चपेट में आ गए हैं।

–––रिपोर्ट–––

लगातार हो रही बारिश के कारण महानंदा नदी का जलस्तर एक बार फिर से बढ़ने लगा है। कई नए इलाकों में बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया। मनिहारी नगर पंचायत के वार्ड संख्या एक ,अड़सठ और नौं में बाढ़ का पानी प्रवेश कर जाने से बड़ी आबादी प्रभावित हो गई है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार जिले के चार प्रखंड मनिहारी, अमदाबाद, कुर्सेला और बरारी प्रखंड के 39 पंचायत के करीब 87000 से अधिक लोग बाढ़ से प्रभावित है। इधर गंगा, बरंडी, कोसी और कारी कोसी नदी में कमी आई है। लेकिन गंगा नदी अभी भी खतरे के निशान से उपर बह रही है। आकाशवाणी समाचार के लिए कटिहार से कुमार मुकेश चौधरी।

भागलपुर से हमारे संवाददाता ने बताया कि जिले में गंगा के जलस्तर में कमी के बावजूद बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में स्थिति अब भी सामान्य नहीं हो सकी है।

–––रिपोर्ट–––

गंगा नदी के जलस्तर में कमी के कारण तटीय क्षेत्रों के शहर और मुहल्लो में पानी के दवाब घटा है। टीएमबीयू के प्रशासनिक भवन, कुलपति आवास में भी पानी कम हुआ है। वहीं, पिरपैती, कहलगांव, गौराडीह, सबौर, नाथनगर, साहकुंड और सुल्तानगंज की दर्जनों पंचायत के सैकड़ो गांव अभी भी बाढ़ के पानी से घिरे हैं। इधर, रुक–रुक कर हो रही बारिश से बाढ़ पीड़ितों में डर बढ़ गया है। जिला प्रशासन कई जगह बाढ़ राहत शिविरों का संचालन कर रहा है। राहत कार्य में शिथिलता बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ भी कार्रवाई की जा रही है। आकाशवाणी समाचार के लिए भागलपुर से विनोद कुमार।

बक्सर, भोजपुर, वैशाली, लखीसराय और शेखपुरा जिले में भी बाढ़ की स्थिति में सुधार हुआ है। इधर, छपरा से हमारे संवाददाता ने बताया कि नेपाल में हो रही भारी बारिश के चलते गंडक नदी के जलस्तर में एक बार फिर बढ़ोतरी की संभावना है।

———रिपोर्ट———

नेपाल में भारी वर्षापात के कारण जल संसाधन विभाग ने अट्ठाईस और उनतीस सितंबर को गंडक नदी में लगभग 4.3 लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने का अनुमान जताया है। विभाग ने कहा है कि इससे गंडक नदी के तटीय प्रखण्डों—पानापुर, तरैया, मकेर और परसा के निचले इलाकों में पानी के प्रवेश करने की आशंका है। इसे लेकर लोगों से सावधान रहने की अपील की गयी है साथ ही मवेशियों को भी सुरक्षित स्थान पर रखने की सलाह दी गयी है। आकाशवाणी समाचार के लिए छपरा से पवन कुमार सिंह।

———————————————————

केंद्र सरकार ने महंगाई भत्ते में संशोधन कर न्यूनतम मजदूरी दरों में बढ़ोतरी की घोषणा की है। नई वेतन दरें पहली अक्तूबर से लागू हो जाएंगी। एक रिपोर्ट——

———रिपोर्ट———

———————————————————

बिहार में वर्ष दो हजार चौबीस—पच्चीस के दौरान धान खरीद का लक्ष्य पैंतालीस लाख मीट्रिक टन ही रहेगा। खाद्य और उपभोक्ता संरक्षण मंत्री लेशी सिंह ने केंद्रीय खाद्य मंत्री प्रह्लाद जोशी से नई दिल्ली में मुलाकात के बाद यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष कम खरीद होने पर केंद्र सरकार ने इस वर्ष धान खरीद का लक्ष्य घटाकर चौंतीस लाख मीट्रिक टन कर दिया था। बैठक में इसे बढ़ाने का अनुरोध किया गया। इसके बाद केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने लक्ष्य को पुनर्निधारित कर पैंतालीस लाख टन करने की सहमति दे दी है।

———————————————————

प्रदेश में जमीन के न्यूनतम मूल्यांकन दर की समीक्षा की जाएगी। राज्य सरकार ने नई दर पर विचार करने के लिए एक कमिटी का गठन किया है। निबंधन, उत्पाद और मद्य निषेध विभाग के सचिव सह आयुक्त की अध्यक्षता में गठित कमिटी निबंधन की न्यूनतम दर पर विचार करेगी और अपनी रिपोर्ट राज्य सरकार को सौंपेगी। इसके बाद राज्य सरकार इस पर अंतिम फैसला करेगी।

———————————————————

बिहार के युवकों के साथ पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी में मारपीट करने के मामले में बंगाल पुलिस ने बांग्ला पक्खो नामक कट्टरपंथी संगठन के सदस्य रजत भट्टाचार्य को हिरासत में लिया है। बिहार के पुलिस महानिदेशक आलोक राज ने बताया कि घटना के सामने आने के तत्काल बाद पश्चिम बंगाल के अधिकारियों से संपर्क किया गया। इसके बाद वहां की पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को हिरासत में लिया है। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। इधर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्य के मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा और पुलिस महानिदेशक आलोक राज को पूरे मामले पर नजर बनाए रखने का निर्देश दिया है।

---

पूर्वी चंपारण के सुगौली रेलवे स्टेशन से रेल पुलिस ने छह किलो एक सौ दस ग्राम चरस के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। रेल डीएसपी उमेश कुमार ने बताया कि बरामद चरस का बाजार मूल्य छह करोड़ रूपये है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार तस्करों की निशानदेही पर एक अन्य तस्कर को गिरफ्तार किया गया। श्री कुमार ने बताया कि बरामद चरस सप्तक्रांति एक्सप्रेस ट्रेन से दिल्ली ले जाई जा रही थी। इधर, राजस्व आसूचना निदेशालय की टीम ने मुजफ्फरपुर जिले के मोतीपुर से एक करोड़ तीस लाख रूपये की दक्षिण कोरिया निर्मित सिगरेट जब्त की है। इसे म्यामां से लाया गया था और दिल्ली भेजने की तैयारी की जा रही थी। इस मामले में दो तस्करों की गिरफ्तारी हुयी है। दोनों उत्तर प्रदेश के बरेली के रहने वाले हैं।

---

केन्द्र सरकार ने नागरिकों के आधार और पैन की जानकारी को इंटरनेट पर उजागर करने वाली वेबसाइट्स पर प्रतिबंध लगा दिया है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने ऐसी कुछ वेबसाइट्स की पहचान की है जो नागरिकों की निजी संवेदनशील पहचान सहित आधार और पैन की जानकारी उजागर कर रही थीं। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने इस मामले में आधार अधिनियम, दो हजार सोलह की धारा 29(4) के तहत मामला दर्ज किया है। इसके अलावा भारतीय कम्प्यूटर आपातकालीन टीम ने इन वेबसाइट्स में सुरक्षा की कुछ कमियां पाई हैं। संबंधित वेबसाइट के मालिकों को जरूरी कार्रवाई और साईट में परिवर्तन करने के निर्देश जारी किए गए हैं।

---

आज विश्व पर्यटन दिवस है। लोगों को एक दूसरे से जोड़े रखने और अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में पर्यटन की भूमिका को दर्शाने के उद्देश्य से हर साल सत्ताईस सितम्बर को यह दिवस मनाया जाता है। इस साल का विषय है– **पर्यटन और शांति।** इस दिवस को मनाने का उद्देश्य भावी पीढ़ियों के लिए दीर्घकालिक और न्यायसंगत पर्यटन को बढावा देना भी है। इस अवसर पर प्रदेश में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

---

प्रदेश में कल एक सौ दस चिन्हित केन्द्रों पर कुत्तों और बिल्लियों को निःशुल्क रेबीजरोधी टीका लगाया जाएगा। सभी अनुमंडल स्तरीय पशु चिकित्सालयों में भी टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध रहेगी।

---

पटना के दीघा थाना क्षेत्र स्थित एक ट्रांसफार्मर गोदाम में चोरी की नीयत से घुसे दो युवकों की लोगों ने पीट–पीट कर हत्या कर दी। पुलिस ने मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

---

एसटीएफ की टीम ने अररिया जिले के पच्चीस हजार रूपये के कुख्यात इनामी अपराधी मो. मोजाहिर आलम को लुधियाना के हेम्ब्रम से गिरफ्तार कर लिया है।

---

उत्पाद विभाग की टीम ने रोहतास जिले के धर्मपुरा और दावथ थाना क्षेत्रों में छापेमारी कर नौ सौ तिरेसठ लीटर नकली शराब जब्त की है। इस मामले में दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है।

---

अररिया की एक अदालत ने आर्म्स एक्ट मामले के दो दोषियों को तीन – तीन साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। वहीं, जिले के भरगामा थाना क्षेत्र से पुलिस ने दो अपराधियों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है।

---

अखबारों की सुर्खियां.....

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** लिखता है – धान और दलहन के लिए आसमान से बरसा अमृत। आज चौदह जिलों में भारी बारिश और शेष में बूदांबांदी।

**दैनिक जागरण** की सुर्खी है – बाहरी के नाम पर बिहार के छात्रों से सिलीगुड़ी में मारपीट।

**दैनिक भास्कर** ने ऊर्जा मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव के बयान को प्रमुखता देते हुए लिखा है – बिहार में नहीं मिलेगी मुफ्त बिजली, स्मार्ट प्रीपेड मीटर ही लगेगी, गड़बड़ी की समीक्षा होगी।

**प्रभात खबर** की सुर्खी है – केन्द्र ने न्यूनतम मजदूरी दर बढ़ाई। श्रमिकों को एक दिन की एक हजार पैंतीस रूपये तक मिलेगी मजदूरी।

**राष्ट्रीय सहारा** लिखता है – प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने परम रूद्र सुपर कम्प्यूटर राष्ट्र को समर्पित किया।

**आज** अखबार की सुर्खी है – मंत्री अशोक चौधरी जदयू के राष्ट्रीय महासचिव बनाए गए।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. मौसम विभाग ने आज सीतामढ़ी, पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, गोपालगंज और मधुबनी समेत चौदह जिलों में भारी से बहुत बारिश की चेतावनी जारी की।

02. गंगा और उसकी सहायक नदियों के जलस्तर में कमी आने के बाद राज्य के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति में धीरे–धीरे हो रहा है सुधार। पटना में कई राहत शिविर बंद किये गये।

03. केन्द्र सरकार ने बिहार में वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस के दौरान धान खरीद का लक्ष्य पुनर्निर्धारित कर पैंतालीस लाख मीट्रिक टन करने की मंजूरी दी।

04. और, बिहार के युवकों के साथ सिलीगुड़ी में मारपीट करने के मामले में बंगाल पुलिस ने एक व्यक्ति को हिरासत में लिया।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।